## महत्वपूर्ण एवं खास



### राम मंदिर पर बीजेपी का कोई पेटेंट नहीं है, मैं उद्धव ठाकरे की कोशिश की तारीफ करती हूं - उमा भारती

कानपुर। उमा भारती बोली मैं उद्धव ठाकरे की कोशिश की सराहना करती हूं। राम मंदिर पर बीजेपी का पेटेंट नहीं है। मैं एसपी, बीएसपी, अकाली दल, ओवैसी, आजम खान सबसे अपील करती हूं कि आगे आएं और राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करें।

### सर्द हवा से तापमान में गिरावट : दिन में भी ठंड का एहसास

रायपुर (आरएनएस)। उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के असर से पूरा प्रदेश इन दिनों कड़ाके की ठंड झेल रहा है। राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान का आंकड़ा 15 डिग्री के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई है।

### चांपा के बिर्रा फाटक के पास स्थित एसबीआई एटीएम को तोड़कर तीन युवक पैसा चुराने का प्रयास

**15 सौ नगद, पेचकस, चाकू व अन्य सामान जब्त**

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। चांपा के बिर्रा फाटक के पास स्थित एसबीआई एटीएम को तोडकर तीन युवक पैसा चुराने का प्रयास कर रहे थे। सूचना पाकर ऐनवक्त पर चांपा थाना में पदस्थ आरक्षक धर्मेंद्र तिवारी मौके पर पहुंचा और उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक आरोपी नाबालिग है। पुलिस के अनुसार आरक्षक परदेशी कंवर अपने निजी काम से कोरबा से वापस आ रहा था। बीती रात करीब 2 बजे शहर के बिर्रा फाटक के पास स्थित एसबीआई एटीएम में दो युवक व एक नाबालिग घुसे थे और उनकी गतिविधि संदिग्ध थी। यह देखकर आरक्षक ने तुरन्त चांपा थाना में पदस्थ आरक्षक धर्मेंद्र तिवारी को फोन से सूचना दी। आरक्षक तिवारी तुरंत मौके पर पहुंचा। उसे देखकर तीनो भागने लगे, तब दौडाकर एक युवक को आरक्षक ने पकडा। वहीं दो युवक भाग निकले।

### वृद्ध महिला से चेक पर साईन करा 1 करोड़ 35 लाख की ठगी

**जमीन दिलाने के नाम पर महिला के खाते से रकम निकाल अपने नाम कराये रजिस्ट्री**

**आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

रायपुर (आरएनएस)। बुजुर्ग महिला को जमीन दिलाने के नाम पर कोरा चेक पर साईन कराके 1करोड़ 35 लाख रुपये महिला की खाते से निकालकर तीन लोगों ने धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 406,420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### एक-एक दिन भारी पड़ा प्रत्याशियों पर

**बाफना गए अपने राजस्थान तो रेखचंद समय बिता रहे अपनों के बीच**


जगदलपुर (आरएनएस)। पांच राज्यों के चुनाव के मद्देनजर छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में बस्तर क्षेत्र में सर्वप्रथम 12 नवंबर को चुनाव हुआ था, उसके बाद से सर्वाधिक हाईप्रोफाइल विधानसभा सीट जगदलपुर विधानसभा में भी चुनाव संपन्न हो गया है। इन सबके बीच प्रत्याशियों के दिलों की धडक़न तेज हो गई है तथा रात और दिन दोनों नहीं कट रहे हैं।

# सत्ता के लिए समझौता मेरे स्वभाव में नही : टीएस सिंहदेव

**राजनीति में सब चलता है, मैं नहीं मानता**

**मानव निर्मित उपकरण को किया जा सकता है प्रभावित, पर हमारा तंत्र इतना कमजोर हो गया है यह मान्य नहीं**

रायपुर (आरएनएस)। मानवजनित किसी भी उपकरण को प्रभावित करने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता, यह वैश्विक मत है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हमारा तंत्र इतना कमजोर हो चुका है। मुझे पूरा विश्वास है कि विधानसभा चुनाव का स्वस्थ परिणाम सामने आएगा।




उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव ने आज राजीव भवन में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। श्री सिंहदेव ने ईवीएम में छेड़खानी और चुनाव परिणाम प्रभावित करने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह वैश्विक मत है कि मानव द्वारा बनाए गए किसी भी उपकरण, यंत्र को प्रभावित किया जा सकता है यह असंभव नहीं है। लेकिन इसका तात्पर्य यह भी नहीं है कि हमारा तंत्र इतना कमजोर हो गया है कि इसे प्रभावित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कई रोचक बातें सामने आई हैं। रायपुर के कुछ बूथों के अलावा राज्य के अन्य स्थानों में ईवीएम के खराब होने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उनके स्वयं के निर्वाचन क्षेत्र के कुछ बूथों पर जहां से आज तक कांग्रेस को लीड मिलती आई है, ऐसे बूथों पर भी ईवीएम के खराब होने की जानकारी उन तक पहुंची है। वे स्वयं भी कई बूथों पर गए जहां से जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिलता है, ऐसे स्थानों पर भी ईवीएम मशीनें खराब होती रहीं। श्री सिंहदेव ने कहा कि इसका मतलब यह भी नही है कि ऐसा जानबूझकर किया गया हो। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और विश्वास जो उन्हें हासिल है, उसे कोई नहीं छीन सकता।

श्री सिंहदेव ने कहा कि अब तक उन्होंने और कांग्रेस पार्टी ने अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन किया है, आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम स्वस्थ आएगा, इस बात का उन्हें पूरा यकीन है। सरकार बचाने के लिए प्रशासनिक अफसरों के एजेंट के रूप में काम करने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि कोई भी सीडी अथवा स्टिंग ऑपरेशन कांग्रेस के चुनाव परिणाम को प्रभावित नहीं कर सकता।

# मुठभेड़ में 8 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद, एक नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा जिले में दो स्थानों पर हुयी मुठभेड़**



सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुयी मुठभेड़ में 8 वर्दीधारी नक्सली मारे गए, जिनकी शिनाख्त की जा रही है, एक घायल नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान शहीद हो गए हैं। मौके से पुलिस ने गोला बारूद समेत दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार क्रिस्टारम थाने से संयुक्त पुलिस बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम साकलेर के निकट जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। मौके से 8 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में दो जवान भी शहीद हुए हैं।

इधर चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम एलमागुड़ा के समीप हुयी दूसरी मुठभेड़ में पुलिस ने एक घायल नक्सली को गिरफ्तार किया है।

मुठभेड़ों की पुष्टि करते हुए सुकमा एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान बंदूकें, विस्फोटक सामग्रियां, बैनर, पोस्टर, दवाईयां, गोला-बारूद, डेटोनेटर, बिजली के तार, बैटरी, पिट्ठू, दैनिक उपयोग की सामग्रियां तथा नक्सली साहित्य का जखीरा बरामद किया गया है।

## डॉक्टर पत्नी से मारपीट, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज



बिलासपुर (आरएनएस)। सरकंडा क्षेत्र के मोपका के शिवम वाटिका निवासी विनीता सिंह होम्योपैथी डॉक्टर हैं। उनका विवाह वर्ष 2011 में मिथलेश सिंह से हुआ। उनके दो बच्चे भी हैं। पति मिथलेश आए दिन शराब के नशे में उसके साथ गालीगलौज करता है। शनिवार की रात करीब 10 बजे भी उसने दुर्व्यवहार किया। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ धारा 294,323 और 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



**मथुरा। पुलिस स्टेशन के बाहर खड़ी बस में अचानक लगी आग।**

## सड़क हादसे में घायल छात्र की मौत




बिलासपुर (आरएनएस)। सड़क हादसे में घायल छात्र की सिस में उपचार के दौरान मौत हो गई। सिस चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई के लिये भेज दिया है। सिस चौकी से मिली

जानकारी अनुसार समय लाल पिता जयसिंग 19 वर्ष बरगवां मरवाही निवासी का 2 दिन पहले सल्हे काटा में एक्सीडेंट हो गया था। जिसे गंभीर हालत में सिस लाया गया था जहाँ सिस में उपचार के दौरान आज घयल युवक की मौत हो गई।

सिस चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई के लिये मरच्यूरी भेज दिया है।

## सड़क हादसे में घायल छात्र की मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। सड़क हादसे में घायल छात्र की सिस में उपचार के दौरान मौत हो गई। सिस चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई के लिये भेज दिया है। सिस चौकी से मिली



जानकारी अनुसार समय लाल पिता जयसिंग 19 वर्ष बरगवां मरवाही निवासी का 2 दिन पहले सल्हे काटा में एक्सीडेंट हो गया था। जिसे गंभीर हालत में सिस लाया गया था। जहाँ सिस में उपचार के दौरान आज घयल युवक की मौत हो गई। सिस चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई के लिये मरच्यूरी भेज दिया है।

## राजधानी में नकली नोट खपाने घुम रहा राजस्थान का युवक गिरफ्तार

**13 हजार के नकली नोट बरामद**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में नकली नोट खपाने के लिए घुम रहे एक युवक को मौदहापारा व क्राइमब्रांच की टीम ने 13 हजार रुपए के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मांगीलाल हुड्डा (21) है जो कि बीकानेर राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 हजार रुपए के 4 नोट, 500 रूपए के 10 नग नोट जब्त किए है। कुल 13 हजार रुपए है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त नोट को वह रायपुर में खपाने के उद्देश्य से पहुंचा था। गौरतलब है कि मांगीलाल हुड्डा को मौदहापारा पुलिस ने पूर्व में 15 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार किया था।

## युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख की ठगी

**आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

रायपुर (आरएनएस)। युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपये ठगी का मामला दर्ज कराया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर अपराध कायम किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुमारी वंदना देवांगन 24 वर्ष पिता सोनुराम देवांगन निवासी बजरंग नगर बीरगांव उरला ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि भारतीय स्टेट बैंक उरला में पुष्पेंद्र देवांगन 25 वर्ष पिता केशव प्रसाद देवांगन निवासी ग्राम सकर्रा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा ने छ.ग.स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड में स्वास्थ विभाग में फार्मेसिस के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 2 लाख रुपये लिया। युवती ने अपने साथ हुई ठगी की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज कराया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

# भारत में 2030 में नेचुरल गैस से चलेगी हर दूसरी गाड़ी!

सरकार अगर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए, तो 2030 तक देश में बिकने वाला हर दूसरा वाहन नेचुरल गैस से चलेगा। ऐसा होने से कई कंपनियों को फायदा होगा जिसमें सबसे ज्यादा फायदा मारुति सुजुकी और ह्यूंदई को होगा। फिलहाल मारुति सुजुकी और ह्यूंदई मोटर इंडिया देश में सीएनजी वाहन बेचने वाली प्रमुख कंपनियों में हैं। पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हुई बढ़ोतरी के बाद मारुति सुजुकी की सीएनजी कार की बीक्री में 50 प्रतीशत से ज्यादा की बढ़ोतरी देखी गई थी। मारुति ने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली



छमाही में 55,000 सीएनजी यूनिट्स बेची हैं। वहीं पिछले महीने सैंट्रो की सीएनजी वेरिएंट लॉन्च के चलते हुंडई मोटर की सीएनजी बिक्री में भी काफी बढोतरी देखी गई थी। बता दें कि सरकार ने अगले 10 सालों में 10,000 सीएनजी स्टेशन खोलने के लिए हाल में नेचुरल गैस इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट प्लान का ऐलान किया है। इसके अलावा पीएनजीआरबी ने इस महीने शहरों में गैस वितरण के 10 वें राउंड का भी ऐलान किया है, जिससे 124 और जिलों में सीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। नोमुरा रिसर्च इंस्टीट्यूट नामक ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने एक रिपोर्ट में बताया है कि, 'इस फैसले से 2030 तक कुल बिकने वाली गाड़ियों में नेचुरल गैस से चलने वाले गाड़ियों में 50 प्रतीशत तक का इजाफा किया जा सकता है। इससे साल 2030 तक क्रूड ऑयल इंपोर्ट के बिल को 11 लाख करोड़ रुपये तक कम किया जा सकता है।' वहीं इंडस्ट्री के एक सीनियर एग्जिक्यूटिव ने बताया कि, 'पेट्रोल और डीजल के मुकाबले सीएनजी वीइकल की रनिंग कॉस्ट काफी कम है।

हालांकि, इसका डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क पर्याप्त नहीं होने के चलते मांग मजबूत नहीं है।' आपको बता दें कि सीएनजी गाड़ियां ज्यादातर दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के शहरों में बिकते हैं।

# पुरानी नहीं फ्रेश फिल्म है भैयाजी सुपरहिट: सनी देओल

बॉलीवुड के माचो मैन सनी देओल का कहना है कि उनकी फिल्म भैयाजी सुपरहिट पुरानी नहीं बल्कि फ्रेश फिल्म है।

सनी देओल की फिल्म 'भैयाजी सुपरहिट' 23 नवंबर रिलीज हो गयी है। फिल्म में उनके अलावा प्रीति जिंटा, अमीषा पटेल, अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े लीड भूमिका में हैं। भैयाजी सुपरहिट काफी समय से बनायी जा रही थी। सनी देओल से जब पूछा गया कि



भैयाजी सुपरहिट को बनने में काफी साल लग गए। इस देरी के कारण क्या फिल्म को नुकसान होगा। जवाब में सनी ने कहा , फिल्म को बनने में या तो समय लग जाता है या फिर फिल्म रिलीज ही नहीं हो पाती। हमारी इंडस्ट्री में तो ये बातें चलती रहती हैं। मेरी घातक को 6-7 साल लगे थे। वह मेरी सुपरहिट फिल्म थी। मुगल-ए-आजम को कई साल लग गए।

सनी ने कहा , मुझे नहीं लगता कि फिल्म बनने के वक्त का फिल्म पर कोई असर पड़ता है। वैसे यह फिल्म 2011 में शुरू हुई थी। उसके बाद हमने चार दिन एक्शन पोर्शन शूट किया। मेजर फिल्म तो 2015 से 2017 के बीच शूट हुई। यह फिल्म ढाई साल में पूरी हुई। हालांकि फिल्म में कुछ इश्यूज थे, लेकिन फिर उन्हें निपटा दिया गया। ट्रेलर का रिस्पॉन्स बहुत अच्छा है। फिल्म कहीं से भी पुरानी नहीं लग रही है। मैं यही कहना चाहूंगा कि फिल्म एकदम फ्रेश है।

# छम्मा छम्मा के रीमेक का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं : एली अवराम

अभिनेत्री एली अवराम का कहना है कि वह छम्मा छम्मा के रीक्रिएशन का हिस्सा बनने के लिए आभारी हैं और उन्होंने इसे टाइमलेस आइकोनिक गीत बताया। एली ने गुरुवार को ट्विटर पर वर्ष 1998 की फिल्म चाइना गेट के गीत की कुछ झलकियां जारी की। इसका मूल गीत उर्मिला मातोंडकर पर फिल्माया गया था।

तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, जल्द आ रहा है..बहुत जल्द। छम्मा छम्मा रीक्रिएशन, लेकिन पहले मैं यह कहना चाहूंगी कि मैं खूबसूरत और शक्तिशाली उर्मिला मातोंडकर के साथ ऐसे



टाइमलेस आइकोनिक गीत के रीमेक का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं।

मनीष भट्ट द्वारा निर्देशित फिल्म फ्रॉड सैंया में एली इस गीत के रीमेक पर डांस करती दिखेंगी। यह मनीष भट्ट द्वारा निर्देशित है।

आदिल शेख ने गीत कोरियोग्राफ किया है। यह तनिष्क बागची द्वारा रीक्रिएट किया गया है और नेहा कक्कड़ द्वारा गाया गया है। राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित, चाइना गेट में नसीरुद्दीन शाह, डैनी डेंजोंगप्पा, परेश रावल और दिग्गज अभिनेता ओम पुरी और अमरीश पुरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे।